E-Mail: sugandh.cbse@gmail.com
Website: www.cbseacademic.in

Tel: 011-23220155
23220083

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वयत्त संगठन)

शिक्षा सदन, 17 इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, नई दिल्ली - 110002

# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An autonomous Organization Under the Union Minsitry of Human Resource Development, Govt. of India)

"Shiksha Sadan", 17 Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002

के.मा.शि.बो./शै./अ.नि.(अ.एवं न.)/2015 | दिनांक: 28 नवंबर, 2015

परिपत्र संख्या शैक्षणिक: 74/2015

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध
सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए

## नवम्बर 1 से 15, 2015 तक विद्यालय स्वच्छता अभियान


## भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय की पहल


महात्मा गाँधी ने स्वच्छ भारत देखने की इच्छा व्यक्त की थी, जहाँ व्यक्ति देश को स्वच्छ बनाने के लिए मिल जुल कर काम करें। उनके द्वारा व्यक्त इच्छा को गंभीरता से लेते हुए भारत सरकार ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की, जिसमें सभी वर्गों के व्यक्तियों द्वारा इस ध्येय के सफलता पूर्वक कार्यान्वयन में सहायता की जानी है।

**छह मुख्य विषय**

- निजी स्वच्छता और स्वास्थ्य
- खेल के मैदान सहित स्वच्छ आस-पास
- स्वच्छ शौचालय
- स्वच्छ पेयजल
- स्वच्छ भोजन
- स्वच्छ विद्यालय व आंगनवाड़ी

स्वच्छता' से तात्पर्य साफ सफाई है जो कि मानव जीवन एक मूल आदर्श है, इसे हमारे विद्यार्थियों के मध्य लगातार प्रचारित किया जाए और प्रयोग में लाया जाए, ताकि साफ सफाई उनके समूचे व्यक्तित्त्व का अभिन्न अंग बन सके। जिस प्रकार किसी की भी दूसरे के प्रति आदर की भावना उसके आस पास साफ सफाई किस प्रकार रखी गई है से जुड़ी है, अत: यह आवश्यक है कि प्रत्येक घर स्कूल व समुदाय में अच्छे स्वास्थ्य की आदतों और स्वच्छता को बढ़ावा दिया जाए, तभी यह जीवन का भाग बन सकता है।






सरकार की यह भी दृष्टि है कि भारत के प्रत्येक विद्यालय में शौचालय होना चाहिए। कार्यक्रम लागू होने के बाद से विद्यालयों की इसके लिए सहायता की जा रही है, नए शौचालय बनाए जाने हैं, जिसमें से एक बालिकाओं के लिए अलग से होगा।

विद्यालय की स्वच्छता अभियान के निर्धारित लक्ष्य की यथोचित तरीके से शीध्र प्राप्ति के लिए, बोर्ड सभी विद्यालय प्रमुखों को लगातार उनके छात्रों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित पढ़ाई का वातावरण उपलब्ध कराने के राष्ट्रीय मिशन की प्राप्ति हेतु, सभी कार्मिकों, विद्यार्थियों और हितधारकों को प्रेरित करने के लिए निवेदन करता है।

सुझाई गई गतिविधियाँ 1 से 15 नवम्बर के मध्य की जानी है। इससे विद्यालय इस मिशन को स्थानीय समुदाय तक पहुंचाने में सफल होंगे, जिससे वृहद राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति हो सकेगी।


# स्वच्छ, हरित और स्वस्थ पृथ्वी हेतु चुनौती लें

**स्वच्छ होने तक सहयोग**

**क. स्वच्छता कला की प्रदर्शनी: यह सम्पूर्ण विद्यालय के लिए संधारणीय परियोजना है जिसमें प्रभारी शिक्षक द्वारा विद्यालय प्रमुख के नेतृत्व में एक अन्तर हाउस कार्यवाही की जानी है।**

1. शिक्षक और छात्रों को सफाई और स्वच्छता की उपयोगिता के महत्त्व के बारे में विद्यालय की दीवालों और शौचालयों को आकर्षक चित्रों और उपयोगी संदेशों के साथ सजाने के विचारों के लिए, बुद्धि पर जोर देना चाहिए। वे 5 बिन्दुओं की जांच सूची भी तैयार करेंगे, जिसे वे कैसे इनका उपयोग करें और सही निज स्वच्छता को व्यवहार में लाने के लिए, जांच सूची शौचालय के बाहर लगाई जानी है।
2. विद्यालय परिसर के सभी क्षेत्रों को पर्यवेक्षण के लिए विभाजित कर हाउस के अनुसार आवंटित किया जाना है, इसे पूरे वर्ष (चक्र क्रमानुसार) से किया जाना है।
3. शुरू करने के लिए 2-3 दिन तय कर सम्पूर्ण विद्यालय परिसर को सही प्रकार से साफ किया जाए और परिसर तथा शौचालय की दीवारों को चमकदार रंगों और संदेशों से रंगा जाए। अभिभावकों को कला प्रदर्शनी देखने के लिए आमंत्रित किया जाए।
4. सुनिश्चित करें कि प्रत्येक कक्षा में इच्छुक छात्र जिन्हें 'स्वच्छता मानीटर' कहा जाए विद्यालय परिसर व शौचालय की सफाई और निजी स्वच्छता की जानकारी आदान-प्रदान करने के लिए हाउस के क्रमानुसार, तय समय में कक्षाओं में जाते है।
5. स्वच्छता मानीटरों को उनके रचनात्मक आकलन में उनके कार्य का पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए।
6. शैक्षणिक सत्र की समाप्ति पर सर्वोत्तम हाउस को स्वच्छता हाउस पुरस्कार/ट्राफी से पुरस्कृत किया जा सकता हैं।
7. **कार्यकलापों की 200 शब्दों की रिपोर्ट अधिकतम 4-5 उदाहरणीय फोटो प्रतियों सहित 31 दिसम्बर, 2015 से पूर्व rajeswary.cbse01@gmail.com भेज दें।**

**ख. एक से दूसरे के साथ विचार विमर्श के आधार को प्रारम्भ करना**




1. यह स्वास्थ्य/वातावरण क्लब/स्काउट/गाइड और एन सी सी छात्रों द्वारा की जाने वाली गतिविधि है। विद्यालय प्रमुख सुनिश्चित करें कि शौचालय सही अवस्था में है, अन्यथा 15 दिन के भीतर मरम्मत करा दी जानी चाहिए।
2. निर्माण करने वाली कम्पनी से प्लम्बर को बुलाकर एक माडल लें और प्रदर्शित करवाएं कि किस प्रकार टाइलेट कार्य करती है, और फ्लश प्रणाली का किस प्रकार रखरखाव होता है। फ्लश प्रणाली को किस प्रकार लगाया जाता है। विद्यार्थियों के लिए यह प्रदर्शन सीखने का एक जीवन्त प्रदर्शन है।
3. विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थी अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर सकते है, और आगन्तुकों को आदर्श शौचालय के माडल दिखा सकते हैं।
4. स्वच्छता मानीटर, शौचालय स्थल में अपनी ड्यूटी के दौरान, टूटी हुई शौचालय के बारे में पाई गई और और दर्ज की गई जानकारियां अन्य को बता सकते हैं।
5. **कार्यकलापों की 200 शब्दों की रिपोर्ट अधिकतम 4-5 उदाहरणीय फोटो प्रतियों सहित 31 दिसम्बर, 2015 से पूर्व rajeswary.cbse01@gmail.com भेज दें।**



**ग. बाहर निकलकर जन समाज तक पहुंच (रीचिंग आउट एण्ड रीचिंग एक्रास):** विद्यालय को सभी हितधारकों के लिए, गैर सरकारी और सरकारी संगठनों से विशषज्ञों चिकित्सकों स्वास्थ्य और सफाई से जुड़े व्यावसायिकों को बुलाकर स्वच्छता पर सेमिनार आयोजित करने चाहिए। विद्यालय और स्थानीय समुदायों में स्वच्छता को बढ़ावा देना लक्ष्य है, संबंधित व्यावहारिक कौशल में प्रशिक्षण देना, बेकार सामग्री के पुन: प्रयोग की सुविधा की स्थापना और रखरखाव करना है। सेमिनार का उद्देश्य स्थानीय समुदाय में जागरूकता पैदा कर मानव विष्ठा (*excreta*) का सही प्रकार से निपटान किए जाने का तरीका अपनाने के लिए समझाना है। आदर्श लैट्रिन के माडल और कम लागत के जल शोधक (वाटर प्यूरीफायर) जिन्हे व्यस्त सार्वजनिक स्थानों पर रखा जा सके, के बारे में विचार आदान प्रदान करने हैं। हितधारक जब समुदाय से सीधे व्यवहार कर रहे हों तो स्वच्छता और सफाई की आदतों के संदेश को बढ़ावा दे सकते हैं।

## घ. कला के द्वारा विद्यालय की स्वच्छता मिशन की शोभा

**विद्यार्थी सृजनात्मक विचारों के साथ विद्यालय सहित समारोह का आयोजन कर सकते हैं, जागरूकता तथा प्रत्येक के स्वस्थ जीवन हेतु अच्छी स्वच्छता की सुलभता का संदेश प्रसारित कर सकते हैं।**

**अपने विद्यालय का नाम रोशन करें** **राष्ट्रीय विजेता बनें।**

### वरिष्ठ वर्ग: IX-XII (हिंदी/English)

**1. पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता:**

A4 आकार के चार्ट पेपर पर, स्वच्छता की प्रतिज्ञा के संदेश को प्रसारित करने के लिए सुन्दर दिखने वाले पोस्टर को तैयार करें। इसके लिए केवल पेन्सिल, चारकोल स्याही और पेन्ट का प्रयोग करें। विद्यालय प्रतियोगिता आयोजित करें और दो सर्वोत्तम पोस्टर को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भेजें।

मैं, स्वयं अपने परिवार, मेरे अपने आस-पड़ोसियों, अपने गाँव और कार्य स्थल के साथियों के साथ स्वच्छता की चाह की शुरूआत करूंगा । मेरा विश्वास है कि संसार के देश जो स्वच्छ प्रतीत होते हैं, वह इसलिए हैं, क्योंकि उनके नागरिक कूड़ा नहीं फैलाते हैं और न किसी को यह करने देते हैं। इस दृढ़ विश्वास के साथ मैं स्वच्छ भारत के मिशन को अपने गाँव और शहर में प्रसारित करूंगा।

**2. नुक्कड़ नाटक:**

**हमें मनोरंजन के द्वारा गंभीर होना चाहिए:** 15 से कम विद्यार्थियों द्वारा, मनोरंजन के साथ अच्छे स्वास्थ्य के लिए शौचालय का सही उपयोग और निजी स्वच्छता पर ध्यान दिलाते हुए, 5 से 8 मिनट का नुक्कड़ नाटक/जमावड़ा करना चाहिए। विद्यालय इस प्रतियोगिता का आयोजन कर और यह दर्शाते हुए कि प्रहसन का किस प्रकार विद्यालय, स्थानीय समुदाय में अच्छी स्वच्छता के व्यवहार और साफ-सफाई की आवश्यकता के प्रति जागृति पैदा करने के लिए प्रयोग किया गया था, को VCD में रिकार्ड कर भेज सकते हैं। विद्यार्थियों की कक्षा नाम तथा संपूर्ण विवरण उल्लेख के साथ, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भेजी गई VCD में दर्ज होने चाहिए।

**3. अपर प्राथमिक वर्ग VI से VII (हिंदी/English)**

**पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता**

सार्वजनिक शौचालय की उपयोगिता के तहज़ीब के प्रति कुछ व्यक्तियों की अनभिज्ञता अन्य को खुले में शौच के लिए भेज सकती है। एक A4 आकार के चार्ट पेपर पर एक आकर्षक सूचनात्मक पोस्टर पेन्सिल चारकोल स्याही या पेन्ट का प्रयोग कर तैयार करें, जिसे आपके विद्यालय, सामुदायिक शौचालयों कार्यालयों या व्यापारिक स्थलों पर लगाया जा सके। विद्यालय इस प्रतियोगिता का आयोजन कर, दो सर्वोत्तम पोस्टरों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भेज सकते हैं।

**प्राथमिक वर्ग *I* से *V* (हिन्दी/*English*)**

**4. पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता:**

**विद्यार्थी द्वारा उठाया गया एक छोटा कदम सम्पूर्ण विद्यालय और आस-पास को, प्रत्येक के लिए स्वच्छ और आनन्दायक बना सकता हैं।** *A*4 आकार के चार्ट पेपर पर एक सुन्दर दिखने वाला और सूचनात्मक पोस्टर तैयार करें रंगीन पेन्सल खड़ियाओं/पेन्ट का प्रयोग करें। विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन कर दो सर्वोत्तम पोस्टरों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भेज दें

**प्रविष्टियों को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया**

1. प्रतियोगिता निशुल्क है और सभी के लिए विद्यालय के माध्यम से खुली है।
2. **वर्ग**
   वरिष्ठ: IX से XII तक
   अपर प्राथमिक: VI से VIII तक
   प्राथमिक: I से V तक
3. **पोस्टर/VCD प्रेषित करने का माध्यम:** राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टि प्राप्त करने की **अन्तिम तिथि: 5 दिसम्बर, 2015** तक या उससे पूर्व उसके साथ प्रविष्टि फॉर्म (संलग्न) पूर्ण रूप से भरा गया तथा प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित, प्रविष्टियों के साथ सुश्री पी. राजेश्वरी, शिक्षा अधिकारी, (शैक्षणिक) शिक्षा सदन, 17 राउज एवेन्यु, चतुर्थ तल, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, इस्टीट्यूशनल क्षेत्र, नई दिल्ली-110002 को भेजें।
4. मनोरंजक, सृजनात्मक, जेन्डर संवेदी और व्यापक रूप से तैयार पोस्टर की प्रशंसा की जाएगी। निर्धारित फॉमेट पर तैयार की गई प्रविष्टियाँ घोषित तिथि या उससे पूर्व प्रेषित की गई ही पात्र मानी जाएंगी।
5. प्रविष्टियों की जाँच विशेषज्ञों के पैनल द्वारा की जाएगी, निर्णायकों का निर्णय अन्तिम होगा।
6. राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के परिणाम 15 दिसम्बर, 2015 www.cbseacademic.in पर घोषित किए जाएंगे।
7. प्रत्येक वर्ग के सर्वोत्तम 20 विजेताओं को बोर्ड द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

किसी अन्य प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए शिक्षा अधिकारी rajeswary.cbse01@gmail.com को लिखें।

भवदीया

सुगंध शर्मा

**सुगंध शर्मा**
**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)**

**अधोलिखित, समस्त निदेशालयों, संगठनों, संस्थानों के प्रमुखों और अधिकारियों को प्रतिलिपि इस अनुरोध के साथ जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों को सूचना प्रदान करने का कष्ट करें।**

1 आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
2 आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी -15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा 201307
3 शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली-110054
4 निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9 चंडीगढ़-160017
5 शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101
6 निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7 शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101
8 राज्य शिक्षा संस्थान, के.मा.शि.बो. कक्ष, वी.आई.पी. मार्ग जंगली घाट. पी.ओ.-744103 अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह।
9 केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस.एस. प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085
10 अपर महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
11 निदेशक, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना), एकीकृत मुख्यालय, FDRC बिल्डिंग नं 202, शंकर विहार (निकट ए पी एस), दिल्ली कैंट-110010.
12 सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारी के.मा.शि.बो. को अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को परिपत्र की प्रति प्रेषित करने हेतु।
13 एसोसिएट प्रोफेसर/अपर निदेशक/प्रभारी/अनुसंधान एवं नवाचार, शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध के.मा.शि.बो.
14 संयुक्त सचिव/प्रभारी/शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण (शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध, के.मा.शि.बो.)
15 सभी एसोसिऐट प्रोफेसर और अपर निदेशक/सलाहकार/परामर्शदाता
16 सभी अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/सहायक-निदेशक, वोकेशलन सेल, के.मा.शि.बो.
17 सभी सहायक प्रोफेसर एवं संयुक्त निदेशक, के.मा.शि.बो.
18 सभी सहायक प्रोफेसर एवं उप निदेशक, के.मा.शि.बो.
19 उप निदेशक (परीक्षा एवं सुधार), के.मा.शि.बो.
20 सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, के.मा.शि.बो.
21 जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो.
22 हिंदी अधिकारी, के.मा.शि.बो.
23 अध्यक्ष, के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
24 सचिव, के.मा.शि.बो. के निजी सचिव
25 परीक्षा नियंत्रक, के.मा.शि.बो. के के निजी सचिव
26 निदेशक (विशेष परीक्षा तथा सी.टी.ई.टी.), के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
27 निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के निजी सहायक

**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)**